Think IAS...

दृष्टि
The Vision

Think Drishti

झारखंड लोक सेवा आयोग (JPSC)

# सामान्य अध्ययन (मुख्य परीक्षा) प्रैक्टिस पेपर्स



दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम *(Distance Learning Programme)*

Code: JHM25

## झारखंड लोक सेवा आयोग (JPSC)

# सामान्य अध्ययन (मुख्य परीक्षा) प्रैक्टिस पेपर्स

दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
दूरभाष : 8750187501, 011-47532596
टोल फ्री : 1800-121-6260
**Web :** www.drishtiIAS.com
**E-mail :** online@groupdrishti.com

पाठ्यक्रम, नोट्स तथा बैच संबंधी updates निरंतर पाने के लिये निम्नलिखित पेज को “like” करें
www.facebook.com/drishtithevisionfoundation
www.twitter.com/drishtiias

JPSC DLP

# विषय सूची (Contents)


| | |
|---|---|
| प्रैक्टिस पेपर-1 | 5–56 |
| प्रैक्टिस पेपर-2 | 57–63 |
| प्रैक्टिस पेपर-3 | 64–70 |
| प्रैक्टिस पेपर-4 | 71–77 |
| प्रैक्टिस पेपर-5 | 78–85 |
| प्रैक्टिस पेपर-6 | 86–93 |
| प्रैक्टिस पेपर-7 | 94–101 |
| क्वालिफाईंग पेपर सेट-1 | 102–104 |
| क्वालिफाईंग पेपर सेट-2 | 105–107 |
| क्वालिफाईंग पेपर सेट-3 | 108–110 |

# प्रैक्टिस पेपर–1

## सामाजिक विज्ञान (इतिहास एवं भूगोल) (प्रश्न-पत्र-III)

**पूर्णांक : 200** **समय : तीन घंटे**

### इतिहास

**निर्देश:** प्रश्न संख्या 1 का उत्तर अनिवार्य हैं जिसमें 2 अंक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। परीक्षार्थी 4 दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं 2 का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न 40 अंक के हैं।

1. **वस्तुनिष्ठ प्रश्न: सभी प्रश्नों के उत्तर दें:**

**(10 × 2 = 20 अंक)**

(i) वह नवपाषाणकालीन स्थल जहाँ से मानव को कुत्ते के साथ दफनाने का साक्ष्य प्राप्त होता है:

(a) मेहरगढ़ (b) महदहा
(c) राखीगढ़ी (d) बुर्जहोम

(ii) ऋग्वेद में किस नदी को नदीतमा या देवीतमा के नाम से पुकारा जाता था?

(a) सिंधु नदी (b) गंगा
(c) सरस्वती (d) (a) और (c) दोनों को

(iii) जैनधर्म के संबंध में निम्नलिखत में से कौन-सा कथन सत्य है?

(a) ईश्वर की सत्ता का निषेध
(b) आत्मा की सत्ता में विश्वास
(c) अनेकांतवाद का समर्थन
(d) उपर्युक्त सभी।

(iv) मुहम्मद-बिन-तुगलक द्वारा किये गए प्रयोगों में से निम्नलिखित में से कौन-सा प्रयोग/सुधार नहीं था?

(a) दीवान-ए-आरिज की स्थापना
(b) कृषि विकास हेतु तकावी ऋण की व्यवस्था
(c) चाँदी के स्थान पर काँसे के सिक्कों का प्रचलन
(d) एक नई राजधानी दौलताबाद की स्थापना

(v) मुगल काल में 'जिन्स-ए-कामिल' क्या था?

(a) एक प्रकार कर (b) नकदी फसलें
(c) कृषि ऋण (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

(vi) इतिहास में 'तोपों के युद्ध' के नाम से प्रसिद्ध आंग्ल-सिक्ख युद्ध में अंग्रेजी सेना का नेतृत्व किसने किया था?

(a) चार्ल्स नेपियर (b) लॉर्ड गफ
(c) मेजर ब्रॉडफुट (d) हेक्टर मुनरो

(vii) लॉर्ड कार्नवालिस द्वारा बंगाल में स्थायी बंदोबस्त लागू करने का कारण निम्नांकित में से कौन-सा था?

(a) कृषि का विकास करना
(b) सरकार को निश्चित स्थायी रकम सुनिश्चित करना
(c) मुद्रा अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन
(d) उपर्युक्त सभी।

(viii) वह महान व्यक्तित्व, जिसका मानना था कि भारत की सभी समस्याओं का हल वेदों में निहित है अत: उन्होंने वेदों की ओर लौटने का नारा दिया, कौन था?

(a) राजा राममोहन राय (b) स्वामी दयानंद सरस्वती
(c) स्वामी विवेकानंद (d) रवींद्र नाथ टैगोर

(ix) निम्नलिखित में से कौन-सा प्रावधान भारत शासन अधिनियम, 1935 में निहित नहीं था?

(a) एक अखिल भारतीय संघ की स्थापना
(b) कलकत्ता में एक सुप्रीम कोर्ट की स्थापना
(c) संघ सूची, प्रांतीय सूची एवं समवर्ती सूची का प्रावधान
(d) प्रांतीय स्वायत्तता का प्रावधान

(x) सरकार विरोधी लेखन के कारण गिरफ्तार होने वाले आनंद चक्रवती ने किसका संपादन किया था?

(a) तरूण शक्ति (b) बांबे क्रॉनिकल
(c) भवानी मंदिर (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें।** **(40 × 2 = 80 अंक)**

**SECTION-A**

2. 1857 का विद्रोह "न तो प्रथम था, न राष्ट्रीय और न ही स्वतंत्रता संग्राम।" आलोचनात्मक परीक्षण करें।

**SECTION-B**

3. भारत छोड़ो आंदोलन में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करें।

# उत्तर (व्याख्या सहित)

## इतिहास

(i) (d) नवपाषाणकालीन स्थल बुर्जहोम से मानव के साथ कुत्ते को दफनाने एवं गर्त आवास के साक्ष्य मिले हैं। नवीनतम खोजों के आधार पर भारतीय उपमहाद्वीप में प्राचीनतम कृषि साक्ष्य वाला स्थल लहुरादेव (संतकबीर नगर जिला-उत्तर प्रदेश) है। यहाँ से 9000 BC से 7000 BC मध्य के चावल के साक्ष्य प्रापत हुए हैं। ध्यातव्य है कि लहुरादेव से पूर्व भारतीय उपमहाद्वीप में प्राचीनतम कृषि साक्ष्य वाला स्थल मेहरगढ़ को माना जाता था। जबकि प्राचीनतम चावल के साक्ष्य वाला स्थल कोलडिहवा (प्रयागराज जिले में बेलन नदी तट पर) को माना जाता था। मध्यपाषाण कालीन स्थल महदहा से गर्त चूल्हे एवं सिलबट्टा का साक्ष्य प्राप्त हुआ है जबकि हड़प्पा कालीन स्थल राखीगड़ी से अन्नागार एवं रक्षा प्राचीर के साक्ष्य मिले हैं।

(ii) (c) ऋग्वेद की सर्वाधिक पवित्र नदी सिंधु नदी को माना जाता है और सरस्वती को ही नदियों में प्रमुख या नदियों की माता या नदीतमा/देवीतमा/मातेतमा कहकर पुकारा जाता था। यद्यपि ऋग्वेद की सबसे महत्त्वपूर्ण नदी सिंधु थी जिसका ऋग्वेद में कई बार उल्लेख हुआ है।

(iii) (d) जैन धर्म का उदय ब्राह्मणवादी कर्मकांड के विरोध में हुआ। इसने ईश्वर की सत्ता का निषेध किया। इनके अनुसार आत्मा या जीव स्वरूपत: चैतन्य है और यह अनंतचतुष्ट्य से युक्त है। यह अनेकांतवाद में भी विश्वास करता है। अनेकांतावाद के अनुसार विश्व में अनेक वस्तुएँ है और प्रत्येक वस्तु अनंत गुणों या धर्मों से युक्त है और संसार की सभी वस्तुओं एवं उनके अनंत धर्मों का ज्ञान केवल केवलिन को ही हो सकता है।

(iv) (a) मुहम्मद-बिन-तुगलक मध्यकालीन भारतीय इतिहास में नवीन प्रयोग करने वाला एक महत्त्वाकांक्षी एवं विलक्षण प्रतिभा से युक्त सुल्तान था। उसने दिल्ली सल्तनत की समस्याओं के समाधान के लिये कई प्रयोग एवं सुधार किये जैसे- दिल्ली से दौलताबाद की ओर राजधानी का स्थानांतरण, चाँदी के स्थान पर काँसे जैसे सांकेतिक मुद्रा का प्रचलन, कृषि विकास हेतु तकावी ऋण की व्यवस्था आदि। दीवान-ए-आरिज विभाग (सैन्य विभाग) की स्थापना सर्वप्रथम बलवन द्वारा की गई थी।

(v) (b) फारसी विवरणों में नकदी फसलों को जिन्स-ए-कामिल या जिन्स-ए-आला कहते थे। ये सर्वोत्तम कोटि की फसलें होती थी जैसे गन्ना, कपास, नील और अफीम।

(vi) (a) द्वितीय आंग्ल-सिख युद्ध (1848-49) के क्रम में तीन लड़ाईयाँ लड़ी गई थीं जो क्रमश: रामनगर का युद्ध, चिलियवालाँ का युद्ध और गुजरात का युद्ध। इसी गुजरात के युद्ध को 'तोपों का युद्ध' कहा जाता है। इसमें अंग्रेजी सेनानायक चार्ल्स नेपियर ने सिख सेना को पराजित कर दिया था।

(vii) (d) लॉर्ड कार्नवालिस द्वारा बंगाल में स्थायी बंदोबस्त लागू करने का उद्देश्य था कि सरकार को निश्चित राशि स्थायी रूप से मिल सकेगी, कृषि विस्तार का लाभ ज़मींदारों को मिलने से ज़मींदार प्रगति शील सिद्ध होंगे और वे कृषि विकास की दिशा में कदम उठाएगें। भूमि को विक्रय योग्य बनाने एवं ज़मींदारी खरीद-बिक्री होने से नगरीय क्षेत्र से ज़मींदार इन्हें खरीदने जाएगें अत: नगरीय क्षेत्र से ग्रामीण क्षेत्रों की ओर मुद्रा अर्थवयवस्था का प्रसार होगा। लाखों किसानों की बजाय कुछ सौ ज़मींदारों से लगान वसूली कर प्रशासनिक झंझटों से मुक्त होगी।

(viii) (b) आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती की वैदिक परंपरा में दृढ़ आस्था थी। वे तत्कालीन भारत की सभी समस्याओं का हल वेदों में मानते थे। अत: उन्होंने वेदों की ओर लौटने का नारा दिया। स्वामी जी वेदों को ईश्वरीय, शाश्वत, धर्मातीत और अपरिवर्तनीय मानते थे जबकि पुराण आदि समस्त ऐसे वैदिकोत्तर साहित्य को अविश्वसनीय मानते थे।

(ix) (b) भारत में संवैधानिक गतिरोध को दूर करने के उद्देश्य से भारत शासन अधिनियम, 1935 लाया गया। यह अधिनियम अब तक का सबसे विस्तृत अधिनियम था जिसमें 321 धाराएँ, 14 भाग और 10 अनुसूचियाँ थीं। इसमें कई प्रावधान थे जैसे-

- ब्रिटिश भारत प्रांत, मुख्य आयुक्तों के प्रांत एवं देशी रियासतों से मिलकर एक अखिल भारतीय संघ की स्थापना की जानी थी। चूँकि इसके लिये कम-से-कम आधे देशी राज्यों की स्वीकृति न मिलने की दशा में यह अखिल भारतीय संघ अस्तित्व में नहीं आ सका।

# प्रैक्टिस पेपर–2

## सामाजिक विज्ञान (इतिहास एवं भूगोल) (प्रश्न-पत्र-III)

**पूर्णांक : 200** **समय : तीन घंटे**

### इतिहास

**निर्देशः** प्रश्न संख्या 1 का उत्तर अनिवार्य हैं जिसमें 2 अंक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। परीक्षार्थी 4 दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं 2 का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न 40 अंक के हैं।

1. **वस्तुनिष्ठ प्रश्नः सभी प्रश्नों के उत्तर दें:** **(10 × 2 = 20 अंक)**

(i) खारवेल शासक की उपलब्धियों का क्रमबद्ध विवरण प्रस्तुत करने वाला निम्नलिखित में से कौन-सा अभिलेख है?
(a) ऐहोल अभिलेख (b) नासिक अभिलेख
(c) जूनागढ़ अभिलेख (d) हाथीगुंफा अभिलेख

(ii) गोपथ ब्राह्मण का संबंध किस वेद से है?
(d) ऋग्वेद (b) अथर्ववेद
(c) यजुर्वेद (d) सामवेद

(iii) कायथा, एरण, नवदाटोली, जोखे, अहाड़ जैसे स्थलों का संबंध किस संस्कृति से है?
(a) हड़प्पा संस्कृति (b) वैदिक संस्कृति
(c) ताम्रपाषाण संस्कृति (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(iv) 'दिवान-ए-अर्ज' नामक सैन्य विभाग की स्थापना किसने की?
(a) बलबन
(b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) मुहम्मद बिन तुगलक
(d) फिरोजशाह तुगलक

(v) अकबर के समय में भूमि संबंधी सुधार कार्यों एवं राजस्व विभाग से कौन संबंधित था?
(a) अब्दुर्रहीम खानखाना
(b) मानसिंह
(c) टोडरमल
(d) हकीम हुकाम

(vi) सर्वप्रथम किस यूरोपीय गवर्नर ने भारत में सहायक संधि प्रणाली का प्रयोग किया था?
(a) वेलेजली (b) डूप्ले
(c) डलहौजी (d) वारेन हेस्टिंग्स

(vii) 1857 के महान विद्रोह की असफलता के लिये निम्नलिखित कौन-सा/से कारण ज़िम्मेदार था/थे?
(a) ठोस योजना का अभाव
(b) योग्य नेतृत्व की कमी
(c) आधुनिक हथियारों की कमी
(d) उपर्युक्त सभी।

(viii) पलामू में 1857 के विद्रोह का बिगुल किसने फूँका?
(a) नीलांबर
(b) पीतांबर
(c) a और b दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(ix) संथाल विद्रोह का नेतृत्व किसके द्वारा किया था?
(a) सिद्धू-कान्हू
(b) तिलका माँझी
(c) बिरसा मुंडा
(d) कोंता मुंडा

(x) सरदारी विद्रोह का नेतृत्व किसके द्वारा किया था?
(a) सिद्धू-कान्हू (b) तिलका माँझी
(c) बिरसा मुंडा (d) जयनाथ सिंह

**किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें।** **(40 × 2 = 80 अंक)**

**SECTION-A**

2. बौद्ध धर्म एवं जैन धर्म की तुलना करते हुए इनके पतन के कारणों का उल्लेख कीजिये।

**SECTION-B**

3. राजपूतों के विरुद्ध तुर्कों की भारत विजय केवल सामाजिक और राजनीतिक कारणों का ही परिणाम नहीं थी बल्कि बहुत हद तक उन्नत सैन्य पद्धति का भी परिणाम थी।

# प्रैक्टिस पेपर–3

## सामाजिक विज्ञान (इतिहास एवं भूगोल) (प्रश्न-पत्र-III)

**पूर्णांक : 200** **समय : तीन घंटे**

### इतिहास

**निर्देश:** प्रश्न संख्या 1 का उत्तर अनिवार्य हैं जिसमें 2 अंक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। परीक्षार्थी 4 दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं 2 का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न 40 अंक के हैं।

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न: सभी प्रश्नों के उत्तर दें: **(10 × 2 = 20 अंक)**

(i) किस/किन ग्रंथों में महाजनों का उल्लेख मिलता है?
(a) अंगुत्तर निकाय (b) महावस्तु
(c) भगवती सूत्र (d) उपर्युक्त सभी।

(ii) संथारा, सल्लेखना, कैवल्य आदि पदों का संबंध किस संस्कृति/धर्म से हैं?
(a) बौध धर्म (b) जैन धर्म
(c) वैदिक संस्कृति (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

(iii) द्रविड़ शैली, नागर शैली एवं बेसर शैली का संबंध किससे हैं?
(a) मंदिर निर्माण (b) चित्रकारी
(c) संगीत (d) मुद्रा ढ़लाई

(iv) फिरोजशाह तुगलक द्वारा जौनपुर नगर की स्थापना किसकी स्मृति में कराई गई थी?
(a) ग्यासुद्दीन तुगलक (b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) मुहम्मद जौना खाँ (d) मुहम्मद शाह तुगलक

(v) इबादतखाना, महजरनामा एवं दीन-ए-इलाही का संबंध किस मुगल शासक से है?
(a) अकबर (b) जहाँगीर
(c) शाहजहाँ (d) अकबर II

(vi) निम्न जातियों के उत्थान के लिये 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना किसने की थी?
(a) नारायण गुरु
(b) ज्योतिराव गोविंदराव फुले
(c) रामास्वामी नायकर
(d) डॉ. भीमराव अंबेडकर

(vii) असहयोग आंदोलन के समय झारखंड में डाल्टनगंज में राष्ट्रीय विद्यालय की स्थापना हुई थी। इसके प्राचार्य कौन थे?
(a) भागवत पांडेय (b) गुलाब तिवारी
(c) रामदीन (d) बिंदेश्वरी पाठक

(viii) गांधी जी ने झारखंड में निर्मित टाउनहाल का उद्घाटन किस स्थान पर किया था?
(a) पलामू (b) सिंहभूम
(c) मधुपुर (d) खडगडीहा

(ix) ब्रिटिश संसद द्वारा कंपनी के व्यापारिक एकाधिकार को पूर्ण रूप से किस चार्टर एक्ट के तहत समाप्त किया गया था?
(a) 1813 का चार्टर एक्ट (b)1833 का चार्टर एक्ट
(c) 1853 का चार्टर एक्ट (d)1793 का चार्टर एक्ट

(x) वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट एवं राजकीय उपाधि अधिनियम का संबंध किस वायसरॉय से है?
(a) लॉर्ड केनिंग (b) लॉर्ड लिटन
(c) लॉर्ड कर्जन (d) लॉर्ड रिपन

**किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें। (40 × 2 = 80 अंक)**

**SECTION-A**

2. क्या मौर्य सम्राज्य एक केंद्रीकृत साम्राज्य था? यदि नहीं तो इससे संबंधित अपने तर्कों को प्रस्तुत करें।

**SECTION-B**

3. मराठे भारत के भाग्य निर्माता तो नहीं बन पाए किंतु अपनी नीतिगत विफलता के कारण पतन की ओर बढ़ चले। इस संदर्भ में मराठों के पतन के कारणों का सविस्तार वर्णन करें।

**SECTION-C**

4. स्वतंत्रता पश्चात भाषायी आधार पर राज्यों के पुनर्गठन की सविस्तार व्याखा करें।

**SECTION-D**

5. झारखंड में स्वतंत्रता आंदोलन को सविस्तार समझाइये।

# प्रैक्टिस पेपर–4

## सामाजिक विज्ञान (इतिहास एवं भूगोल) (प्रश्न-पत्र-III)

**पूर्णांक : 200** **समय : तीन घंटे**

### इतिहास

**निर्देश:** प्रश्न संख्या 1 का उत्तर अनिवार्य हैं जिसमें 2 अंक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। परीक्षार्थी 4 दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं 2 का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न 40 अंक के हैं।

**1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न: सभी प्रश्नों के उत्तर दें:**

**(10 × 2 = 20 अंक)**

(i) मौर्य साम्राज्य के बारे में निम्नलिखित में से किस साहित्यिक स्रोत से कोई सूचना नहीं मिलती है?

(a) मुद्राराक्षस (b) इंडिका
(c) परिशिष्ट-पर्वन (d) प्रबंध चिंतामणि

(ii) मौर्योत्तर काल में 'गौल्मिक' पदनाम धारण करने वाले का संबंध था–

(a) ग्रामीण क्षेत्रों का प्रशासक
(b) श्रेणियों का प्रधान
(c) सैनिक
(d) स्वर्णकार

(iii) कनिष्कपुर नामक नगर की स्थापना किसके द्वारा की गई थी?

(a) कुजुल कडफिसेस (b) रूद्रदामन प्रथम
(c) कनिष्क (d) हुविष्क

(iv) शेरशाह सूरी के द्वारा हुमायूँ को निर्णायक तौर पर किस युद्ध में पराजित किया गया था?

(a) दोहरिया का युद्ध (b) बिलग्राम का युद्ध
(c) चौसा का युद्ध (d) घाघरा का युद्ध

(v) दक्षिण भारत से उत्तर भारत में भक्ति आंदोलन को लाने का श्रेय दिया जाता है–

(a) रामानंद (b) माध्वाचार्य
(c) स्वामी हरिदास (d) रामानुजाचार्य

(vi) स्वदेशी आंदोलन के दौरान स्थापित बंगाल नेशनल कॉलेज के प्रधानाचार्य कौन थे?

(a) नंदलाल बोस (b) अवनींद्रनाथ टैगोर
(c) अरविंद घोष (d) रवींद्रनाथ टैगोर

(vii) नरमदल एवं गरमदल का एकीकरण करने वाला लखनऊ अधिवेशन के अध्यक्ष थे–

(a) अंबिकाचरण मजूमदार
(b) हकीम अजमल खान
(c) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(d) रोमेश चंद्र दत्त

(viii) हाजारीबाग स्थित खजांची तालाब में नमक बनाने के कारण झारखंड के किस आंदोलनकारी को एक वर्ष की सजा दी गई थी?

(a) चंद्रिका प्रसाद वर्मा (b) कृष्ण बल्लभ सहाय
(c) नानी गोपाल मुखर्जी (d) सोनार सिंह खरवार

(ix) भारत में स्वशासन का जनक किसे माना जाता है?

(a) लॉर्ड लिटन (b) लॉर्ड एल्गिन द्वितीय
(c) लॉर्ड रिपन (d) लॉर्ड मिंटो द्वितीय

(x) झारखंड में ढाल विद्रोह का संबंध किस क्षेत्र से है?

(a) पूर्वी सिंहभूम (b) पश्चिमी सिंहभूम
(c) पलामू (d) गोड्डा

**किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें। (40 × 2 = 80 अंक)**

**SECTION-A**

2. गुप्तकालीन स्वर्णयुग की अवधाराणा का आलोचनात्मक मूल्यांकन करें।

**SECTION-B**

3. तृतीय पानीपत के युद्ध के कारण एवं प्रभावों का वर्णन करें। साथ ही यह भी बताए कि पानीपत के इस युद्ध में मराठों की हार क्यों हुई?

**SECTION-C**

4. महिलाओं की सहभागिता के बिना राष्ट्रीय आंदोलन अर्जस्वी नहीं बनता। इस संदर्भ में राष्ट्रीय आंदोलन में महिलाओं के योगदान का वर्णन करें।

**SECTION-D**

5. निम्नलिखित पर टिप्पणी करें:

1. कोल विद्रोह 2. चुआर विद्रोह

# प्रैक्टिस पेपर–5

## सामाजिक विज्ञान (इतिहास एवं भूगोल) (प्रश्न-पत्र-III)

**पूर्णांक : 200** **समय : तीन घंटे**

### इतिहास

**निर्देश:** प्रश्न संख्या 1 का उत्तर अनिवार्य हैं जिसमें 2 अंक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। परीक्षार्थी 4 दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं 2 का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न 40 अंक के हैं।

**1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न: सभी प्रश्नों के उत्तर दें:**

**(10 × 2 = 20 अंक)**

(i) समुद्रगुप्त के विजय अभियान का उल्लेख करने वाला अभिलेख है–
(a) नासिक अभिलेख (b) प्रयाग प्रशस्ति स्तंभलेख
(c) गिरनार अभिलेख (d) हाथीगुंफा अभिलेख

(ii) ह्वेनसांग ने किसके शासनकाल में भारत की यात्रा की थी?
(a) चंद्रगुप्त विक्रमादित्य द्वितीय
(b) चन्द्रगुप्त मौर्य
(c) हर्ष
(d) कनिष्क

(iii) महेंद्रवर्मन शैली, नन्दिवर्मन शैली, मामल्ल शैली एवं राजसिंह शैली का संबंध किससे है?
(a) दक्षिण भारत में मंदिर स्थापत्य की शैली
(b) दक्षिण भारत में चित्रकला शैली
(c) उपर्युक्त दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(vi) किताब-उल-हिंद सर्वाधिक प्रसिद्ध रचना के लेखक कौन है?
(a) उत्बी (b) अमीर खुसरो
(c) जियाउद्दीन बरनी (d) अलबरूनी

(v) बंगाल को स्वतंत्र राज्य के रुप में स्थापित करने का श्रेय किसे जाता है?
(a) मुर्शिद कुली खान
(b) अलीवर्दी खान
(c) निजाम-उल-मुल्क आशफ शाह
(d) सआदत अली खान

(vi) सामाजिक-धार्मिक सुधारों से जुड़ी संस्था परमहंस मंडली स्थापना किसके द्वारा की गई थी?
(a) केशवचंद्र सेन
(b) आत्माराम पांडुरंग
(c) स्वामी दयानंद सरस्वती
(d) वीरेशलिंगम

(vii) चाईबासा में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किसने किया?
(a) भगवान सिंह (b) रामनाथ सिंह
(c) गणपतराव पांडेय (d) a और b दोनों

(viii) महात्मा गाँधी की दांडी यात्रा की तुलना नेपोलियन के एलबा से पेरिस मार्च और मुसोलिनी के रोम मार्च से किसने की?
(a) जवाहरलाल नेहरू
(b) सरदार पटेल
(c) सुभाषचंद्र बोस
(d) मौलाना अबुल कलाम आजाद

(ix) महात्मा गांधी प्रथम बार किसके निमंत्रण पर राँची में आए थे?
(a) श्यामकृष्ण सहाय (b) गुलाब तिवारी
(c) बिंदेश्वरी पाठक (d) प्रफुल्ल चंद्र सेन

(x) झारखंड में बिरसा आंदोलन का मुख्य केंद्र किस जिले में था?
(a) खूँटी (b) लातेहार
(c) चतरा (d) दुमका

**किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें। (40 × 2 = 80 अंक)**

**SECTION-A**

2. ऋग्वैदिक कालीन सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था का वर्णन करें।

**SECTION-B**

3. भक्ति आंदोलन के कारण और इसके मूल तत्वों का सविस्तार वर्णन करें।

**SECTION-C**

4. निम्नलिखित पर टिप्पणी करें:
(i) सामाजिक धार्मिक सुधार आंदोलन के कारण
(ii) महिला सुधार आंदोलनों की सीमाएँ

**SECTION-D**

5. झारखंड में गाँधीवादी आंदोलन का सविस्तार वर्णन करें।

# प्रैक्टिस पेपर–6

## सामाजिक विज्ञान (इतिहास एवं भूगोल) (प्रश्न-पत्र-III)

**पूर्णांक : 200** **समय : तीन घंटे**

### इतिहास

**निर्देशः** प्रश्न संख्या 1 का उत्तर अनिवार्य हैं जिसमें 2 अंक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। परीक्षार्थी 4 दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं 2 का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न 40 अंक के हैं।

**1. वस्तुनिष्ठ प्रश्नः सभी प्रश्नों के उत्तर दें:**

**(10 × 2 = 20 अंक)**

(i) वह नवपाषाणकालीन स्थल कौन-सा है जहाँ से पशुपालन का प्रथम साक्ष्य प्राप्त होता है?

(a) बुर्जहोम (b) मेहरगढ़
(c) कोल्डिहवा (d) आदमगढ़

(ii) हड़प्पा सभ्यता के संदर्भ में निम्न मे से कौन-सा कथन गलत **नहीं** है?

(a) मोहनजोदड़ो से मंदिर एवं स्नानागार के साक्ष्य मिले हैं।
(b) यह एक मायावीर सभ्यता थी।
(c) जल निकासी की उत्तम व्यवस्था थी।
(d) कृषि कार्यों में लौह उपकरणों का व्यापक मात्रा में प्रयोग होता था।

(iii) किस हर्यकवंशीय शासक ने भूमि सुधार पर बल दिया था?

(a) बिंबसार (b) अजातशत्रु
(c) उदायिन (d) नागदशक

(iv) इक्ता, वक्फ, इनाम और मिल्क जैसी पदावलियों किन्हें संदर्भित करती है?

(a) चित्रकला की एक शैली
(b) भूमि के विभिन्न प्रकार
(c) मंदिर निर्माण की शैली
(d) युद्ध में प्रयुक्त हथियार

(v) जुझार सिंह बुंदेला ने किस मुगल शासक के विरूद्ध विद्रोह किया था?

(a) हुमायूँ (b) अकबर
(c) शाहजहाँ (d) फर्रुखशीयर

(vi) अंग्रेजों द्वारा मैसूर के मामलों में हस्तक्षेप के प्रमुख कारण में शामिल नहीं था-

(a) मालाबार तट पर मैसूर राज्य का नियंत्रण
(b) मैसूर-फ्रांसीसी संबंध
(c) मैसूर का राजनीतिक विस्तार
(d) हैदरअली व टीपू की धर्मांध नीति

(vii) एक्वर्थ(एडवर्थ) आयोग का संबंध किससे है?

(a) पुलिस सुधार (b) अकाल
(c) केंद्र-राज्य संबंध (d) रेलवे

(viii) अखिल भारतीय किसान सभा की प्रथम बैठक की अध्यक्षता किसके द्वारा की गई थी?

(a) जवाहर लाल नेहरू
(b) स्वामी सहजानंद सरस्वती
(c) बाबा रामचंद्र
(d) एन.जी.रंगा

(ix) झारखंड में खरवार (खैरवार) आंदोलन का नेता कौन था?

(a) बिरसा मुंडा (b) सिद्धू-कान्हू
(c) भागीरथ माँझी (d) भीखू भगत

(x) बिहार स्टूडेंट कॉन्फ्रेंस का 16वाँ अधिवेशन झारखंड में कहाँ आयोजित किया गया था?

(a) हजारीबाग (b) पलामू
(c) राँची (d) देवघर

**किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें।** **(40 × 2 = 80 अंक)**

**SECTION-A**

**2.** (क) निम्नलिखित पर टिप्पणी करें

(i) गंधार कला शैली
(ii) मथुरा कला शैली
(iii) कनिष्क की धार्मिक नीति

**SECTION-B**

3. इंडो-इस्लामिक वास्तुकला के विकास में सुल्तानों के योगदान की चर्चा करें।

**SECTION-C**

4. भारत छोड़ो आंदोलन के कारण, विशेषताओं एवं सामाजिक आधार की विस्तार से विवेचना करें।

# प्रैक्टिस पेपर–7

## सामाजिक विज्ञान (इतिहास एवं भूगोल) (प्रश्न-पत्र-III)

**पूर्णांक : 200** **समय : तीन घंटे**

### इतिहास

**निर्देशः** प्रश्न संख्या 1 का उत्तर अनिवार्य हैं जिसमें 2 अंक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। परीक्षार्थी 4 दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं 2 का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न 40 अंक के हैं।

**1. वस्तुनिष्ठ प्रश्नः सभी प्रश्नों के उत्तर दें:** **(10 × 2 = 20 अंक)**

(i) निम्नलिखित में से किस अभिलेख से मौर्य साम्राज्य के विस्तार की जानकारी नहीं प्राप्त होती है?
(a) ब्रह्मगिरी (b) एहोल अभिलेख
(c) अहरौरा (d) निट्टूर

(ii) महाभाष्य के रचयिता महर्षि पतंजलि किस शासक के समकालीन थे?
(a) पुष्यमित्र (b) चंद्रगुप्त मौर्य
(c) समुद्र गुप्त (d) हर्ष

(iii) मरणासन्न राजकुमारी का चित्रण किस प्रमुख भारतीय चित्रकला का जीवंत उदाहरण है?
(a) भीमबेटका (b) एलोरा
(c) अजंता (d) एलिफेंटा

(iv) अलाउद्दीन खिलजी ने 'खुम्स' में राज्य का हिस्सा निर्धारित किया था–
(a) राज्य को 80 प्रतिशत एवं सैनिकों को 20 प्रतिशत
(b) राज्य को 20 प्रतिशत एवं सैनिकों को 80 प्रतिशत
(c) राज्य एवं सैनिकों दोनों को बराबर
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(v) किसी अभियान के संदर्भ में शेरशाह ने स्वयं यह कहा था कि मात्र एक मुट्ठी बाजरे के चक्कर में मैने अपना साम्राज्य खो दिया होता?
(a) कालिंजर अभियान
(b) मारवाड़ अभियान
(c) मालवा अभियान
(d) रायसीना अभियान

(vi) सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान झारखंड में स्वदेशी सप्ताह और जवाहर दिवस का आयोजन कहाँ किया गया था?
(a) पाकुड़ (b) धनबाद
(c) राँची (d) गुमला

(vii) 1925 में महात्मा गाँधी ने अपनी झारखंड यात्रा के दौरान सेंट कोलंबस कॉलेज में एक सभा आयोजित की थी। यह सेंट कोलंबस कॉलेज कहाँ है?
(a) रांची (b) हजारीबाग
(c) पलामू (d) गुमला

(viii) किस प्रमुख अधिनियम द्वारा प्रांतो के स्तर पर द्वैध शासन प्रणाली की शुरूआत की गई थी?
(a) 1909 का भारत परिषद् अधिनियम
(b) 1919 का भारत शासन अधिनियम
(c) 1935 का भारत शासन अधिनियम
(d) 1892 का भारत परिषद् अधिनियम

(ix) 1817 में कलकत्ता में किसने हिंदू कॉलेज की स्थापना की थी?
(a) डेविड हेयर (b) लॉर्ड हेस्टिंग्स
(c) केशवचंद्र सेन (d) ईश्वर चंद्र विद्यासागर

(x) भारतीय शिक्षा का मैग्नाकार्टा कहा जाता है–
(a) हंटर शिक्षा आयोग (b) सैडलर आयोग
(c) वुड का घोषणापत्र (d) वर्धा योजना

**किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें।** **(40 × 2 = 80 अंक)**

**SECTION-A**

2. अशोक का धम्म कोई कर्मकांडीय धर्म न होकर भौतिक और सामाजिक आचरण की एक सामान्य संहिता था। इस संदर्भ में अशोक के धम्म की व्याख्या कीजिये।

**SECTION-B**

3. क्या अलाउद्दीन खिलजी के बाजार सुधार साम्राज्यवादी भावना से प्रेरित था और क्या इसके बाजार सुधारों ने सभी वर्गों पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ा।

**SECTION-C**

4. देशी रियासतों का शेष भारत में विलय न केवल जन दबाव था बल्कि 'छड़ी और पुरस्कार' की नीति का भी परिणाम था। इस संदर्भ में विभिन्न देशी रियासतों के विलय की सविस्तार चर्चा करें।

# क्वालिफाईंग पेपर सेट-1

## (COMPULSORY PAPER-I)

## ( अनिवार्य पत्र-I)

## सामान्य हिन्दी और सामान्य अंग्रेजी
## (GENERAL HINDI AND GENERAL ENGLISH)

**Full Marks: 100** | **Time : 3 Hours**

**पूर्णांक : 100** | **समय : तीन घंटे**

### सामान्य हिन्दी

**निर्देश:**

(i) पूर्णांक 100 में हिन्दी भाग का कुल अंक 50 है एवं अंग्रेजी भाग के 50 अंक हैं।

(ii) सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।

(iii) प्रश्नों के मान उपांत पर निर्दिष्ट हैं।

(iv) हिन्दी के प्रश्नों के उत्तर हिन्दी (देवनागरी लिपि में) और अंग्रेजी के प्रश्नों का उत्तर अंग्रेजी में लिखिये।

(v) जिन प्रश्नों के लिये अधिकतम शब्द संख्या निर्धारित हैं, वहाँ उसका अनुपालन कीजिये।

(vi) परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में सटीक उत्तर दें।

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 400 शब्दों का निबंध लिखिये: **(15 अंक )**

   (क) शहरी क्षेत्र में बाढ़ : संकट एवं प्रबंधन

   (ख) आतंकवाद : एक चुनौती

   (ग) नारी है तो कल है

   (घ) झारखंड में कृषि

   (ङ) भारत में खाद्य संकट

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

   (क) उपसर्ग एवं प्रत्यय में उदारहण सहित अंतर स्पष्ट कीजिये।

   (ख) लिंग को परिभाषित करते हुए उनके भेदों को उदाहरण सहित लिखिये।

   (ग) समास के भेदों को सोदाहरण परिभाषित कीजिये।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिये: **(2 × 5 = 10 अंक)**

   (क) किन्हीं पाँच मुहावरों के अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिये।

   आँखे खुलना, अगर-मगर करना, कमर कसना, खाला का घर, कल्पना के घोड़े दौड़ाना, जहर उगलना, ठोकर लगना

   (ख) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों में से किन्हीं पाँच को शुद्ध कीजिये:

   (i) उसकी खूब धाक जमी।

   (ii) प्राचार्य लड़के चुनेंगे।

   (iii) तीर एक उपयोगी शस्त्र है।

# क्वालिफाईंग पेपर सेट-2

## (COMPULSORY PAPER-I)

## ( अनिवार्य पत्र-I )

## सामान्य हिन्दी और सामान्य अंग्रेजी
## (GENERAL HINDI AND GENERAL ENGLISH)

**Full Marks: 100** **Time : 3 Hours**

**पूर्णांक : 100** **समय : तीन घंटे**

### सामान्य हिन्दी

**निर्देश:**

(i) पूर्णांक 100 में हिन्दी भाग का कुल अंक 50 है एवं अंग्रेजी भाग के 50 अंक हैं।

(ii) सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।

(iii) प्रश्नों के मान उपांत पर निर्दिष्ट हैं।

(iv) हिन्दी के प्रश्नों के उत्तर हिन्दी (देवनागरी लिपि में) और अंग्रेजी के प्रश्नों का उत्तर अंग्रेजी में लिखिये।

(v) जिन प्रश्नों के लिये अधिकतम शब्द संख्या निर्धारित हैं, वहाँ उसका अनुपालन कीजिये।

(vi) परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में सटीक उत्तर दें।

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 400 शब्दों का निबंध लिखिये: **(15 अंक )**

(क) विमुद्रीकरण के संभावित प्रभाव

(ख) मनुष्य मूलतः स्वार्थी है

(ग) झारखंड में आदिवासी वैविधता

(घ) वैश्वीकरण बनाम राष्ट्रवाद

(ङ) नगरीकरण एक प्रच्छन्न वरदान है

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये: **(3 × 5 = 15 अंक)**

(क) वचन एवं लिंग में अंतर स्पष्ट कीजिये।

(ख) विशेषण एवं विशेष्य को सोदाहरण पारिभाषित कीजिये।

(ग) काल एवं उनके प्रकार की विवेचना कीजिये।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिये: **(2 × 5 = 10 अंक)**

(क) किन्हीं पाँच मुहावरों के अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिये।

आ बैल मुझे मार, उत्तर गई लोई तो क्या करेगा कोई, कहने से धोबी गदहे पर नहीं चढ़ता, जैसा देश वैसा भेस तबेले की बला बंदर के सिर, थोथा चना बाजे घना, दाल-भात में मूसलचंद

# क्वालिफाईंग पेपर सेट-3

## (COMPULSORY PAPER-I)

## (अनिवार्य पत्र-I)

## सामान्य हिन्दी और सामान्य अंग्रेजी
## (GENERAL HINDI AND GENERAL ENGLISH)

**Full Marks: 100** **Time : 3 Hours**

**पूर्णांक : 100** **समय : तीन घंटे**

### सामान्य हिन्दी

**निर्देश:**

(i) पूर्णांक 100 में हिन्दी भाग का कुल अंक 50 है एवं अंग्रेजी भाग के 50 अंक हैं।

(ii) सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।

(iii) प्रश्नों के मान उपांत पर निर्दिष्ट हैं।

(iv) हिन्दी के प्रश्नों के उत्तर हिन्दी (देवनागरी लिपि में) और अंग्रेजी के प्रश्नों का उत्तर अंग्रेजी में लिखिये।

(v) जिन प्रश्नों के लिये अधिकतम शब्द संख्या निर्धारित हैं, वहाँ उसका अनुपालन कीजिये।

(vi) परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में सटीक उत्तर दें।

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर लगभग 400 शब्दों का निबंध लिखिये: **(15 अंक)**

(क) क्या भारतीय स्वास्थ्य अवसंरचना वैश्विक महामारियों से निपटने के लिये पर्याप्त है?

(ख) वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत-अमेरिका संबंध।

(ग) भारतीय समाज में महिला सशक्तीकरण के उपाय मिथक मात्र हैं।

(घ) झारखंड के आदिवासी क्षेत्रों की प्रमुख समस्याएँ एवं समाधान।

(ङ) खनन एवं विनिर्माण उद्योग: झारखंड की दिशा एवं दशा का निर्धारण करेंगे।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये। **(3 × 5 = 15 अंक)**

(क) समास को परिभाषित करते हुए तत्पुरूष समास एवं कर्मधारय समास में उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट कीजिये।

(ख) स्वर संधि किसे कहते हैं? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिये।

(ग) क्रिया के प्रमुख भेदों को उदाहरण सहित बताइये।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिये: **(2 × 5 = 10 अंक)**

(क) किन्हीं पाँच मुहावरों के अर्थ तथा उनका वाक्य प्रयोग कीजिये।

आँखे उठाकर देखना, आड़े हाथों लेना, ईंट से ईंट बजाना, नाकों चने चबाना, चाँदी का जूता मारना, छठी का दूध याद आना, तूती बोलना।

## डी.एल.पी. बुकलेट्स की विशेषताएँ

- आयोग के नवीनतम पैटर्न पर आधारित अध्ययन सामग्री।
- पैराग्राफ, बुलेट फॉर्म, सारणी तथा फ्लोचार्ट का उपयुक्त समावेश।
- विषयवस्तु की सरलता, प्रामाणिकता तथा परीक्षा की दृष्टि से उपयोगिता पर विशेष ध्यान।
- प्रत्येक अध्याय के अंत में विगत वर्षों में पूछे गए एवं संभावित प्रश्नों का समावेश।

**Website : www.drishtiIAS.com**
**E-mail : online@groupdrishti.com**

DrishtiIAS

YouTube Drishti IAS

drishtiias

drishtithevisionfoundation